# विद्युत प्रशिक्षण संस्थान

उ0प्र0 पॉवर कारपोरेशन लि0
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
सरोजनी नगर, लखनऊ–226008
दूरभाष : 0522–2476254 फैक्स : 0522–2476347
ई–मेल : etiuppcl@gmail.com

# ELECTRICITY TRAINING INSTITUTE

U.P. POWER CORPORATION LIMITED
(U.P. Government Undertaking)
Sarojini Nagar, Lucknow-226008
Phone No: 0522-2476254 Fax : 0522-2476347
E-mail : etiuppcl@gmail.com


पत्रांक : 774/वि0प्र0सं0(ल0)/

दिनांक : 19/10/2

प्रबन्ध निदेशक, विद्युत वितरण निगम लि0, पूर्वांचल, वाराणसी/पश्चिमांचल, मेरठ/मध्यांचल, लखनऊ/दक्षिणाँचल, आगरा/केस्को, कानपुर

निदेशक (का0प्रब0एवं प्रशा0), उ0प्र0पा0का0लि0/उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ

निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ

निदेशक (तकनीकी), उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ

समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण/पारेषण)

**विषय : अभियन्ता अधिकारियों (वैद्युत एवं यांत्रिकी/जानपद संवर्ग) की व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व 2**

महोदय,

अवगत कराना है कि व्यवसायिक परीक्षा वर्ष में दो बार (माह मई एवं नवम्बर) आयोजित की जाती है। पूर्व वर्षों की भांति वर्ष–2020 में द्वितीय छमाही की परीक्षा माह नवम्बर 2020 में आयोजित कराया जाना निर्धारित है जिसकी तिथि समिति द्वारा अलग से निर्धारित/घोषित की जायेगी, जिसकी सूचना कारपोरेशन की अधिकारिक वेब–साइट (www.uppcl.org or upenrgy.in) के माध्यम से प्रेषित कर दी जायेगी। द्वितीय छमाही की परीक्षा माह नवम्बर 2020 में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक अभियंता अधिकारी कारपोरेशन की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक http://etilucknow.infogurunet.com पर अपना आवेदन पत्र भरकर संलग्न प्रमाण पत्रों **(जिसका प्रारूप वेब–साइट www.uppcl.org or upenrgy.in** से डाउनलोड किया जा सकता है) को अपने नियंत्रण अधिकारी से प्रमाणित कराकर अपलोड कर आवेदन करना सुनिश्चित करें। उपलब्ध लिंक के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **05.11.2020** है।

लिंक के माध्यम से इतर विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को सीधे भेजे गये प्रार्थना–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेंगें। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि जिन अभियंता अधिकारियों ने व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 हेतु पूर्व में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये थे। उन्हें भी लिंक के माध्यम से पुनः आवेदन करना होगा। पूर्व में प्रेषित किये गये आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**(2)** व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 व भाग–2 में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है :–

**व्यवसायिक परीक्षा भाग–1**

| | |
|---|---|
| **(क) विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ :** | **समस्त अधिकारी जो मध्यांचल/शक्ति भवन, लखनऊ/लखनऊ जनपद की अन्य इकाईयां/केस्को, कानपुर/पारेषण (मध्य) एवं एस0एल0डी0सी0, लखनऊ के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।** |
| **(ख) मुख्यालयपू0वि0वि0नि0लि0,वाराणसी :** | **समस्त अधिकारी जो पूर्वांचल वि0वि0नि0लि0, वाराणसी/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (दक्षिण–पूर्व, प्रयागराज/उत्तर–पूर्व, गोरखपुर) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।** |
| **(ग) मुख्यालय प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ :** | **समस्त अधिकारी जो पश्चिमांचल वि0वि0नि0लि0, मेरठ/मुख्य अभियन्ता, पारेषण (पश्चिम, मेरठ) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।** |
| **(घ) मुख्यालय द0वि0वि0नि0लि0, आगरा :** | **समस्त अधिकारी जो दक्षिणांचल वि0वि0नि0लि0, आगरा/मुख्य अभियन्ता, पारेक्षण (दक्षिण–पश्चिम, आगरा/दक्षिण–मध्य, झांसी) के कार्य क्षेत्र में तैनात हैं।** |

**व्यवसायिक परीक्षा भाग–2**

**विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ – समस्त अभ्यर्थी।**

**(3)** व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 हेतु योग्यता प्रमाण–पत्र एवं लेखा कार्य निपुणता प्रमाण–पत्र तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 हेतु केवल योग्यता प्रमाण–पत्र जिनका प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न है, को पूर्ण कर UPPCL की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक http://etilucknow.infogurunet.com पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है।

**(4)** सहायक अभियन्ता–प्रशिक्षु जो प्रशिक्षण काल में चल रहें हैं वह व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।

**(5)** व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में वही अभियन्ता भाग ले सकते हैं जिन्होंने व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 उत्तीर्ण कर लिया हो तथा सहायक अभियन्ता की कार्यभार ग्रहण की तिथि से सहायक अभियन्ता अथवा सहायक अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता (दोनो पदो की सेवा मिलाकर) पद पर 8 वर्ष की सेवा दिनांक 31.10.2020 तक पूर्ण कर ली हो।

**(6)** व्यवसायिक परीक्षा भाग–1 में तकनीकी एवं लेखा से सम्बन्धित पृथक–पृथक प्रश्न–पत्र होंगे तथा व्यवसायिक परीक्षा भाग–2 में केवल एक प्रश्न–पत्र होगा जिसमें तकनीकी एवं लेखा दोनों विषयों के प्रश्न सम्मिलित होंगे।

**(7)** प्रत्येक लिखित प्रश्न–पत्र हेतु अधिकतम 100 अंक तथा मौखिक परीक्षा हेतु अधिकतम 30 अंक निर्धारित किये गये है।

**(8)** परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रत्येक लिखित परीक्षा में न्यूनतम 40 (40 प्रतिशत) अंक एवं मौखिक परीक्षा में न्यूनतम 15 (50 प्रतिशत) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मौखिक परीक्षा में प्रतिभाग लेना अनिवार्य है। मौखिक परीक्षा में प्रतिभाग न करने वाले को अनुत्तीर्ण माना जायेगा।

अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ अभियन्ता अधिकारियों में व्यापक प्रचार–प्रसार इस प्रकार करें कि परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभियन्ताओं के प्रार्थना–पत्र विद्युत प्रशिक्षण संस्थान के लिये UPPCL की वेब साइट पर उपलब्ध लिंक http://etilucknow.infogurunet.com के माध्यम से दिनांक **05.11.2020 को साय : 5.00 बजे** तक अवश्य प्राप्त हो जायें। यह भी अवगत कराना है कि विद्युत प्रशिक्षण संस्थान को सीधे प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र उपलब्ध लिंक पर भरने हेतु किसी भी जानकारी के लिये मोबाईल नं0 **9453945450** एवं **9648227577** पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

संलग्नक : यथोपरि।

**अनिल कुमार**
**(निदेशक) एवं संयोजक**
**व्यवसायिक परीक्षा समिति**

**पत्रांक : 774/वि0प्र0सं0(ल0)/तददिनांक : 13/10/20**

प्रतिलिपि निम्नालिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. महानिदेशक, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास, सरोजनी नगर, लखनऊ।
2. इं0 श्रवण पर्ती, मुख्य अभियन्ता (वाणिज्य एवं ऊर्जा लेखा), अध्यक्ष–व्यवसायिक परीक्षा समिति, उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
3. इं0 मनोज कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता (मु0) कार्यालय मु0अभि0 (हाइडिल), सदस्य–व्यवसायिक परीक्षा समिति, उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
4. इं0 सी0पी0 तिवारी, मुख्य अभियन्ता, सदस्य–व्यवसायिक परीक्षा समिति, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, पारेषण भवन, गोमती नगर, लखनऊ।
5. मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–प्रथम/द्वितीय), शक्ति भवन, लखनऊ।
6. मुख्य अभियन्ता (परि0 एवं अनु0)/(मु0/एम0पी0एस0), उ0प्र0जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
7. उपमहाप्रबन्धक (का0 एवं प्रशा0), उ0प्र0जल विद्युत निगम लि0, लखनऊ।
8. समस्त अधीक्षण अभियन्ता (जानपद पारेषण), शक्ति भवन, लखनऊ।
9. विद्युत पारेषण मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।
10. विद्युत वितरण मंडलों/कार्य मंडलों/भण्डार मंडलों में कार्यरत अधीक्षण अभियन्ता।
11. अधीक्षण अभियन्ता, प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन विकास, सरोजनी नगर, लखनऊ।
12. उपनिदेशक, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
13. अधिशासी अभियन्ता एवं आहरण एवं वितरण अधिकारी, विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ।
14. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष संख्या 407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की वेब साइट पर अपलोड कर व्यवसायिक परीक्षा आवेदन हेतु **वेबसाइट http://etilucknow.infogurunet.com में जाने के लिए** एक लिंक तथा संलग्न प्रपत्र **(प्रमाण–पत्रों हेतु प्रारूप) को पी0डी0एफ0** फार्म में डाउनलोड करने हेतु उ0प्र0पा0का0लि0 की वेब साइट पर उपलब्ध कराने की कृपा करें।

**अनिल कुमार**
**(निदेशक) एवं संयोजक**
**व्यवसायिक परीक्षा समिति**

## योग्यता का प्रमाण–पत्र (व्यावसायिक परीक्षा भाग–1 व 2 के लिये)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री ..................................,अभि0 सं0 ........................ अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता तकनीकी कार्य में निपुण है तथा अपने अधीनस्थों पर समुचित नियन्त्रण रखने में सक्षम है।

दिनांक ..........................

अधीक्षण अभियन्ता/अधिशासी अभियन्ता
(कार्यालय मुहर)

नाम : ....................................................

कार्यालय का नाम : ................................

मोबाईल नं0 : ...........................................

................................................................................................................................................

## लेखा कार्य की निपुणता के सन्दर्भ में प्रमाण–पत्र (केवल व्यावसायिक परीक्षा भाग–1 के लिये)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री ................................ अभि0 सं0.......................... सहायक अभियन्ता ने उपखण्ड स्तर पर एक माह तथा खण्ड स्तर पर 15 दिनों का लेखा कार्य सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त किया है एवं हाइडिल मैनुअल आर्डर के अनुसार आवश्यक लेखा कार्यों का ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

दिनांक .........................

अधिशासी अभियन्ता
(कार्यालय मुहर)

नाम : ....................................................

कार्यालय का नाम : ................................

मोबाईल नं0 : ...........................................